आईआईटी बीएचयू के नए निदेशक ने संभाला कार्य

वाराणसी | निज संवाददाता

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू के नवनियुक्त निदेशक प्रो. पीके जैन ने बुधवार को महामना की प्रतिमा को प्रणाम कर कार्यभार ग्रहण किया। आईआईटी बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रो. राजीव संगल व कर्मचारियों से बात करने के बाद प्रो. जैन ने सबसे पहले संस्थान का निरीक्षण लिया। इस दौरान भवनों तथा विभाग की जानकारी ली।

प्रो. जैन ने शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के साथ ही अविष्कार व शोध के क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। शिक्षकों से वार्ता के दौरान प्रो. जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय में एक छत के नीचे कई विद्याओं की पढ़ाई इस संस्थान को औरो से अलग पहचान देती है। उन्होंने आईआईटी के विभिन्न अनुभागों के गौरवशाली इतिहास को प्रेरक बताते हुए कहा कि यह भावी इंजीनियरों का मार्गदर्शक है।

प्रो. जैन आईआईटी रुड़की में मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ रुड़की से 1987 में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग से स्नातक, 1989 में प्रोडक्शन इंजीनियरिंग से परास्नातक और 1996 में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। प्रो. जैन को आईआईटी रुड़की में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य का अनुभव है। इसके अलावा वह ग्रेटर नोएडा एक्टेंशन सेंटर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और प्रोडक्शन इंजीनियरिंग लैब्स के भी समन्वयक रह चुके हैं। संस्थान के कुलसचिव डॉ. एसपी माथुर ने पद भार ग्रहण कराया।

बीएचयू आईआईटी में कार्यभार ग्रहण करते नए निदेशक प्रो . पीके जैन।

नई पारी

- महामना की प्रतिमा को प्रणाम करने के बाद प्रो .पीके जैन ने लिया चार्ज
- निरीक्षण के बाद विभागों व परिसर की ली जानकारी

Hindustan News Paper, 02.08.2018